# ABES Business School, Ghaziabad

## Office of Registrar

## NOTICE

**Ref.:ABES/RO-C/ 142 /2024** **Date: 13.01.2024**

**Sub. : Regarding Challenge Evaluation Even Sem. Session 2023-24 (Phase-II).**

The university has notified through its office order No. AKTU/Exam Cell/2024/644 dtd. 10.01.2024 regarding filling of Challenge Evaluation for Even Sem. Phase-II Session 2022-23.

In this regard, students of 1st Yr. of all courses (Exam conducted in Second phases from 28.07.2023 - 19.08.2023). are hereby informed that if you are desirous to fill the challenge evaluation, (already applied and received its copy in their login ERP) than kindly follow the below mentioned steps :-

Step 01 : Go to AKTU Web site www.aktu.ac.in.

Step 02 : Go to Student Section & click Revaluation Dashboard tab https://erp.aktu.ac.in/WebPages/frmStudentDashBoard.aspx

Step 03 : To apply for challenge evaluation pay Rs. 2500/- per subject latest by 25.01.2024.

Step 04 : Click in "Account Details" and fill carefully bank details.

As per University notification, if you score more than 20% marks after challenge evaluation than amount of Rs. 1500/- will be refunded. If score less than 20% marks, no amount will be refunded.

This is for your information of all 1st Yr. students.

13/01/24

**Nitika Jain**
**(Registrar)**

**प्रो0 राजीव कुमार**
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

**पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/** 644  **दिनांकः** 10 **जनवरी, 2024**

सेवा में,

**निदेशक / प्राचार्य,**
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के चैलेंज मूल्यांकन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित कराना है कि सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षा जो दिनांक 28 जुलाई, 2023 से दिनांक 19 अगस्त, 2023 के मध्य सम्पन्न करायी गई थी तथा उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका था। उक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित ऐसे छात्र जो अपनी उत्तर–पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने के इच्छुक हैं की उत्तर–पुस्तिकाएं छात्र के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दी गई है। अतः इच्छुक छात्र अपनी उत्तर–पुस्तिका को देखते/जांच करते हुए नियमानुसार **दिनांक 11 जनवरी, 2024 से 25 जनवरी, 2024 तक** निर्धारित शुल्क रू0 2500.00 (दो हजार पाँच सौ) मात्र प्रति विषय की दर से ऑन–लाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑन–लाइन चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने से सम्बनिधत विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/ 2023/506 दिनांक 21 नवम्बर, 2023 के अनुसार कार्यवाही के उपरान्त ही छात्र चैलेंज मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकेंगे। चैलेंज मूल्यांकन के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्याः 39298/16–1099/17/2020 दिनांक 11 सितम्बर, 2020 के साथ संलग्नक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्या ई–7443/03–जी0एस0/2019(टी0सी0) एवं विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 68वीं बैठक के मद संख्या 68.13 में लिये गये निर्णय निम्नवत् हैः–

1. दो विषय विशेषज्ञों/परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जाएगा।
2. यह औसत अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंक पत्र में देय होगा, चाहे वह मूल प्राप्तांको से कम हों अथवा अधिक।
3. यदि औसत और मूल प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक का अन्तर होता है तब परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गए शुल्क रू0 2500/– में से रू0 1000/– धनराशि की कटौती करते हुए शेष रू0 1500/– परीक्षार्थी को वापस किया जायेगा। शुल्क वापसी हेतु छात्रों द्वारा बैंक विवरण (Account No., IFSC Code & Bank Name) भरते समय जांच कर लिया जाए कि उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक विवरण सही भरे गये हैं। यदि छात्र द्वारा गलत बैंक विवरण या किसी अन्य के खाता का विवरण दिया जाता है तो भुगतान में असुविधा के लिये छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

अतः उक्त से अवगत होते हुए चैलेंज मूल्यांकन हेतु इच्छुक छात्र निर्धारित उपरोक्त तिथि तक ऑन–लाइन आवेदन हेतु अपने स्तर से भी सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

**नोटः कृपया यह भी सुनिश्चित कर लें कि चैलेंज मूल्यांकन की प्रत्येक उत्तर–पुस्तिका को दो विषय विशेषज्ञों से मूल्यांकित कराया जाता है और उनका औसत अंक कम हों अथवा अधिक, अन्तिम रूप से प्रदत्त किया जाता है। अतः आश्वस्त होने पर ही चैलेंज मूल्यांकन हेतु आवेदन करें।**

भवदीय
10/01/2024
**(प्रो0 राजीव कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार छात्रों का चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा कराने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

**(प्रो0 राजीव कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक